मों से अतिथियों का परिचय कराया।

खाड़ी देशों में काम करने वालों को किया जागरूक

संवादसूत्र, फैजाबाद : खाड़ी देशों मे जाने वाले मजदूरों के सुरक्षित प्रवास को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमे सेंटर फॉर एजुकेशन एंड कम्युनिकेशंस (सीइसी) व लखनऊ की भवन निर्माण कर्मकार मजदूर यूनियन (बीएनकेएमयू) ने जिले के विभिन्न इलाक़ों मे जन संपर्क अभियान चलाया। इसमें रमजान के मोके पर स्वदेश आए खाड़ी देशों के श्रमिकों को विभिन्न जानकारियां दीं। सीइसी व बीएनकेएमयू के साथ पानी संस्थान के अधिकारियों ने लोगों को जागरूक किया। सप्ताह भर के अभियान मे सोहावल, बड़ागांव, मुबारकगंज, शुजागंज, रुदौली नगर, ऐहार आदि क्षेत्रों मे लोगो से संपर्क किया गया। इसमे रमजान मे घर लौटे लोगों व रोजगार के सिलसिले मे खाड़ी देशों मे जाने की तैयारी करने वालों से संपर्क किया गया।